इस गाइड (मार्गदर्शक पुस्तिका) में 'सहायता-प्राप्त स्वैच्छिक मृत्यु' से संबंधित संवेदनशील जानकारी हो सकती है

गाइड 1 - सहायता-प्राप्त स्वैच्छिक मृत्यु क्या होती है और आप अपनी बात कैसे सामने रख सकते/ती हैं?

जीवन के अंतिम पड़ाव पर पहुंचे लोगों के लिए सहानुभूतिशील, उच्च-गुणवत्ता वाली और सुलभ उपशामक देखभाल की सुनिश्चितता, टैरिट्री में रहने वाले सभी लोगों का एक मौलिक अधिकार है। किसी भी ऑस्ट्रेलियाई की ही तरह, NT के समुदाय को भी अपने जीवन के अंत की देखभाल से जुड़े विकल्पों का चयन करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए।

1995 में 'सहायता-प्राप्त स्वैच्छिक मृत्यु' (VAD) लागू करने वाले ऑस्ट्रेलिया के पहले न्यायिक-क्षेत्र के रूप में, NT का एक अनूठा इतिहास रहा है। आज, टैरिट्री के बहुत सारे लोग अपने जीवन के अंत की देखभाल के लिए वास्तविक विकल्पों की तलाश करते हैं, जिसमें उनके अंतिम क्षणों को उनके निर्धारित आदर्शों के साथ संरेखित किया जाने का विकल्प होना शामिल है।

सहायता-प्राप्त स्वैच्छिक मृत्यु (VAD), सावधानीपूर्वक तैयार की गई एक विनियमित प्रक्रिया है जो लोगों को अपनी इच्छानुसार अपना जीवन समाप्त करने का विकल्प प्रदान करती है, बशर्ते वे सभी कानूनी मानदंडों को पूरा करते हों।

VAD का ढांचा सुरक्षा, नैतिकता तथा व्यक्तियों और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों दोनों की सुरक्षा इन सब को पुरज़ोर महत्व देता है। दिसंबर 2022 में, ऑस्ट्रेलियाई सेनेट ने Restoring Territory Rights Act (Cth) (रीस्टोरिंग टैरिट्री राइट्स कानून (कॉमनवेल्थ)) पारित किया, जिससे पिछले ऐसे प्रतिबंधों को हटाया गया, जो NT और ऑस्ट्रेलियाई कैपिटल टैरिट्री (ACT) को VAD कानून लागू करने से रोकते थे।

सहायता-प्राप्त स्वैच्छिक मृत्यु विक्टोरिया, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया, तस्मानिया, क्वींसलैंड और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में पहले से ही उपलब्ध है, और इसे नवंबर 2023 में न्यू साउथ वेलज़ में पेश किया जाएगा। ऑस्ट्रेलियन कैपिटल टेरिट्री (ACT) 2023 में अपनी विधान सभा में VAD कानून पर भी विचार करेगी।

समुदाय का जुड़ना

परामर्श प्रक्रिया के एक भाग के रूप में, एक विशेषज्ञ सलाहकार पैनल स्थापित किया गया है।

Vicki O'Halloran AO CVO और Duncan McConnel CS की सह-अध्यक्षता वाला यह पैनल, जुलाई 2024 तक NT (नॉर्दर्न टैरिट्री) सरकार को प्रदान की जाने वाली अंतिम रिपोर्ट सौंपने के लिए आवश्यक इनपुट इकट्ठा करने हेतु टैरिट्री के लोगों के साथ जुड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस परामर्श प्रक्रिया में नॉदर्न टैरिट्री के प्रादेशिक और दूरदराज़ क्षेत्रों और प्रमुख शहरी केंद्रों को शामिल किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि सहायता-प्राप्त स्वैच्छिक मृत्यु के बारे में सामुदाय के प्रश्नों और सुझावों को सुना और उन्हें संबोधित किया जा रहा है। पैनल की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि परामर्शों में टैरिट्री के ऐबओरीजिनल लोगों और अन्य सांस्कृतिक और धार्मिक समूहों के दृष्टिकोण ध्यान में रखे जा रहे हैं।

चर्चा की ये 5 मार्गदर्शिकाओं की रचना, उन लोगों की सहायता के लिए की गई है जो VAD के कानून, विनियमों और संचालन के विकास में अपना योगदान देना चाहते हैं। वे अन्य ऑस्ट्रेलियाई राज्यों में प्रचलित VAD के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं और पाँच महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विचाराधीन रखे जाने योग्य प्रमुख विषयों और उनके प्रति सुझावों को उल्लिखित करते हैं। मार्गदर्शिकाएँ उन विशिष्ट प्रश्नों पर भी प्रकाश डालती हैं जिन्हें विशेषज्ञ पैनल संबोधित करेगा:

1. अंतरराष्ट्रीय उदाहरणों सहित अन्य न्यायक्षेत्रों में प्रचलित VAD अनुभवों से नॉदर्न टैरिट्री क्या सबक सीख सकता है?

2. VAD तक किसे पहुँच प्राप्त होनी चाहिए?

3. लोगों के लिए VAD तक पहुँचने की क्या प्रक्रिया होनी चाहिए?

4. नॉदर्न टैरिट्री के संदर्भ में VAD को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए देखभाल के कौन से मॉडल को अपनाया जाना चाहिए?

5. VAD में शामिल स्वास्थ्य देखभाल चिकित्सकों की कानूनी और नैतिक ज़िम्मेदारियाँ क्या हैं?

6. VAD के चाहवान लोगों या VAD प्रदान करने वाले लोगों के लिए क्या सुरक्षा उपाय स्थापित किए जाने की आवश्यकता है?

7. इसके अनुपालन के ऊपर निगरानी कैसे की जानी चाहिए?

8. कोई भी अन्य प्रश्न जो पैनल प्रासंगिक रूप से उचित समझे।

स्वास्थ्य विभाग, ग़ैर-सरकारी संगठनों, सामुदायिक समूहों, ऐबओरीजिनल समुदाय-नियंत्रित संगठनों, उच्चतम निकायों, विश्वविद्यालयों और शोधकर्ताओं सहित, नॉर्दर्न टैरिट्री भर के विविध क्षेत्रों के हितधारक सक्रिय रूप से शामिल होंगे।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि एक बार कानून पर बहस और उसके पारित हो जाने के बाद, योग्य व्यक्तियों को 'सहायता-प्राप्त स्वैच्छिक मृत्यु (VAD)' की तत्काल उपलब्ध नहीं होगी, उचित प्रशिक्षण और प्रोटोकॉल (शिष्टाचार) और प्रक्रियाओं को पूरा करने और उन्हें स्थापित करने की आवश्यकता होगी।

VAD के बारे में अधिक जानने और अपने सुझाव साझा करने के लिए, cmc.nt.gov.au/vad पर जाएँ